हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–45 : जौनपुर, शुक्रवार 07 अक्टूबर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## बदलेगी पूर्वांचल की औद्योगिक सूरत : 18 गांवों की आठ हजार एकड़ भूमि अधिग्रहीत कर बनेगा ग्रेटर गीडा

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गोरखपुर के औद्योगिक विकास की सूरत बदलने जा रही है। धुरियापार क्षेत्र के 18 गांवों की 8385 एकड़ भूमि अधिग्रहीत कर ग्रेटर गीडा बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसमें औद्योगिक क्षेत्र के साथ ही व्यावसायिक आवासीय एवं सांस्थानिक विकास की योजना। गोरखपुर में औद्योगिक विकास और तेज होने जा रहा है। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में नई इकाईयों की स्थापना के साथ ही अब धुरियापार क्षेत्र में भी विकास की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। इस क्षेत्र को ग्रेटर गीडा के रूप में विकसित करने की तैयारी है। 18 गांवों की 8385 एकड़ भूमि अधिग्रहीत करने की तैयारी है और इसमें से तीन हजार 108 एकड़ क्षेत्रफल में औद्योगिक इकाईयां स्थापित की जाएंगी। औद्योगिक क्षेत्र के साथ ही व्यावसायिक, आवासीय एवं सांस्थानिक विकास की योजना भी बनाई गई है। धुरियापार के विकास को लेकर बनाई जा रही महायोजना अंतिम चरण में है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने दिया है गीडा के विस्तार का निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गीडा को धुरियापार क्षेत्र में विस्तार करने को कहा है। पिछड़े क्षेत्र के रूप में पहचाना जाने वाला धुरियापार अब विकास के साथ कदमताल करेगा। इंडियन आयल की ओर से कंप्रेस्ड बायो गैस का प्लांट लगाया जा रहा है ओर टू जी एथेनाल प्लांट लगाने की तैयारी है। अब गीडा भी इस क्षेत्र में बड़े निवेश लाने की तैयारी में जुट गया है। धुरियापार औद्योगिक टाउनशिप सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना है। धुरियापार में 37.07 प्रतिशत क्षेत्र औद्योगिक, 20.05 प्रतिशत क्षेत्र औद्योगिक, 13.39 प्रतिशत क्षेत्र पब्लिक एंड सेमी पब्लिक (पीएसपी), 5.81 प्रतिशत क्षेत्रफल व्यावसायिक, 14.50 प्रतिशत हरित व खुला क्षेत्र, 9.18 प्रतिशत सड़क व अन्य सुविधाओं के लिए प्रस्तावित है। पिछले दिनों हुई समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने धुरियापार टाउनशिप की प्रक्रिया को तेज करने का निर्देश दिया था। औद्योगिक गलियारे में आने लगा निवेश गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे के किनारे विकसित किए जा रहे औद्योगिक गलियारे में निवेश आने लगा है। सबसे बड़ा निवेश पेप्सिको की



बाटलिंग कंपनी वरुन बेवरजेस लिमिटेड करने जा रही है। करीब एक हजार 71 करोड़ रुपये के निवेश के लिए 43 एकड़ से अधिक जमीन गीडा ने एक सप्ताह के भीतर आवंटित कर दी और हाल ही में कंपनी की ओर से रजिस्ट्री भी करा ली गई। इस क्षेत्र में और बड़े निवेश जल्द ही आने वाले हैं। एक सप्ताह में कंपनी को जमीन पर कब्जा भी दे दिया जाएगा। इस निवेश से करीब 1509 लोगों को रोजगार मिलेगा। प्लास्टिक पार्क में विकास को मिली स्वीकृति प्लास्टिक पार्क का संचालन जल्द शुरू करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से कुछ छूट भी दी गई है। ओद्योगिक गलियारे के 88 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित होने वाले लिंक एक्सप्रेस वे पर करीब 70 करोड़ रुपये का लागत आएगी। स्पेशल परपज व्हेकिल (एसपीवी) को लेकर भी सहूलियत प्रदान की गई है। आधारभूत संरचना के लिए गीडा ने टेंडर भी जारी कर दिया है। जल्द ही औद्योगिक इकाई लगाने के लिए जमीन का आवंटन शुरू कर दिया जाएगा। जल्द शुरू होगा फ्लैटेड फैक्ट्री का निर्माण रेडीमेड गारमेंट को बढ़ावा देने के लिए कम पूंजी वाले उद्यमियों को गीडा फैक्ट्री बनाकर देगा। इसके लिए फ्लैटेड फैक्ट्री कांप्लेक्स का निर्माण जल्द शुरू कर दिया जाएगा। 2.68 एकड़ भूमि पर 33.92 करोड़ की लागत से कांप्लेक्स का निर्माण किया जाएगा। इसमें 80 इकाईयां स्थापित हो सकेंगी। 40 मार्केटिंग आउटलेट भी बनाए जा सकेंगे। गीडा में ही रेडीमेड गारमेंट पार्क की भी स्थापना की जा रही है। यहां 40 उद्यमियों को भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। नवंबर महीने में मुख्यमंत्री फ्लैटेड फैक्ट्री व गारमेंट पार्क का शिलान्यास भी करेंगे। धुरियापार में औद्योगिक टाउनशिप के लिए महायोजन तैयार करने का काम अंतिम चरण में है। 3108 एकड़ में औद्योगिक इकाईयां स्थापित की जाएंगी। अन्य सेक्टर से जुड़े विकास भी होंगे। प्लास्टिक पार्क का काम भी आगे बढ़ा है। जल्द ही गीडा में और बड़े निवेश होंगे। – पवन अग्रवाल, सीईओ गीडा।

## प्रदेश में खुलेंगे 94 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ सेंटर : मरीजों को इलाज मुहैया कराने की नई रणनीति

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में ग्रामीण चिकित्सा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत अब प्रदेश में 94 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ सेंटर खुलेंगे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रदेश में पहली बार ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट बनाई जा रही है। जल्द ही इनके लिए भवन निर्माण शुरू होगा। यह सभी यूनिट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से संबद्ध होंगे। इसके लिए नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) ने धनराशि जारी कर दी है। हर यूनिट के लिए लगभग 48.95 लाख रुपये के हिसाब से कुल 46 करोड़ एक लाख 30 हजार रुपये जारी किए गए हैं। इसकी पहली किस्त के 2300.18 लाख रुपये जारी किए गए हैं। भवनों का निर्माण आवास विकास परिषद, प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन, राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ करेगा। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि नई रणनीति से सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों में सामान्य बीमारी से पीड़ितों का दबाव कम होगा। ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट में मरीजों को प्राथमिक स्तर का इलाज मिल सकेगा। इसमें डॉक्टर से लेकर पैरामेडिकल स्टाफ तक होंगे। दवा, पैथोलॉजी व दूसरी जांच की सुविधाएं



उपलब्ध होंगी। इन सेंटरों में इलाज पूरी तरह से मुफ्त होगी। यहां के गंभीर मरीजों को उच्च सेंटर रेफर किया जाएगा।

### आकाशीय बिजली गिरने से 65 वर्षीय वृद्ध झुलसा

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : जिले के पूरा कलंदर थाना अंतर्गत ग्राम कैल केशवपुर निवासी 65 वर्षीय वृद्ध पर कल शाम लगभग शाम सात बजे आकाशीय बिजली गिरने से वृद्ध झुलसा जिला चिकित्सालय में चल रहा उपचार प्राप्त जानकारी के अनुसार श्यामलाल पुत्र स्वर्गीय सीताराम आयु 65 वर्ष ग्राम कैल केशोपुर थाना पुरा कलंदर जनपद अयोध्या कल बीती शाम लगभग सात बजे खेत से घर आ रहा था कि आकाशीय बिजली उसके ऊपर गिर जाने से झुलस गया घायल को परिजनों द्वारा शाम 7:25 पर जिला चिकित्सालय लाया गया जहां इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर इंदु भूषण चौरसिया द्वारा वृद्ध का उपचार करते हुए बर्न वार्ड में भर्ती किया गया है।

## ग्राम पंचायत बीरी में सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में स्थलीय निरीक्षण कर प्राप्त की जानकारी

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा विकासखंड मुफ्तीगंज के ग्राम पंचायत बीरी में सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में स्थलीय निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की। गाँव के सुनील कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि बारिश की वजह से मकान गिर गया है, जिस पर खंड विकास अधिकारी की निर्देशित किया कि जांच कराकर मुख्यमंत्री आवास दे दिया जाए। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया मीटर लगा है लेकिन कनेक्शन नही दिया गया है जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एक्सईएन विद्युत का स्पष्टीकरण लेने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा विद्युत विभाग, जिला पूर्ति विभाग, कृषि विभाग सहित विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी और कहा कि पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ अवश्य लें। सभी ग्राम वासियों से कहा कि शौचालय का शत–प्रतिशत उपयोग करें। गाँव के तहसीलदार नाम के व्यक्ति ने ग्राम प्रधान से जमीन विवाद के सम्बंध में



शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी द्वारा ग्राम प्रधान को निर्देश दिया कि आपसी सुलह समझौते के माध्यम से विवाद का निस्तारण करा दें। गांव में बने ग्राम सचिवालय के निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि सचिवालय में आवश्यक कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाए। सचिवालय में ही लेखपाल सचिव रोस्टर के हिसाब से बैठे और सचिवालय में ही प्रार्थना पत्रों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जाए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बी.बी सिंह, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहें।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर जौनपुर के परिसर में 10 अक्टूबर 2022 को होगा अप्रेन्टिस मेंले का आयोजन

जौनपुर सू.वि. : सहायक शिशिक्षु परामर्शदाताध्प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने अवगत कराया गया है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर जौनपुर के परिसर में 10 अक्टूबर 2022 को प्रातः 10.00 बजे से अप्रेन्टिस मेंले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जनपद जौनपुर के निजी, उद्योग एवं अधिष्ठान जैसे–नलकूप, हाकिन्स कुकर्स प्राइवेट लिमिटेड सतहरिया जौनपुर, यू0ए0एल0 उत्तर प्रदेश, एच0आई0एल0 लिमिटेड, अस्तित्व इण्टरप्राइजेज, नितेश इंजीनियरिंग वर्क्स, आदि प्रतिभाग करेंगे। फिटर, विद्युत, टर्नर, मशीनिष्ट एवं टर्नर व अन्य व्यवसाय से आई0टी0आई0 उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। मेंले में प्रतिभाग किये जाने हेतु भारत सरकार के पोर्टल– www.apprenticeshipindia.gov.in पर अपना पंजीकरण करवाकर अपनी प्रोफाइल की प्रति लागिन आईडी और पासवर्ड



सहित मेंले से पूर्व कार्यालय के शिशिक्षु अनुभाग में जमा करना सुनिश्चित करें। शासन/प्रशासन द्वारा जारी कोविड–2019 निर्देशों का पालन करते हुए अप्रेन्टिस मेंले के सभी प्रतिभागियों को मास्क अनिवार्य रूप से पहनकर आना होगा। अधिक जानकारी हेतु मो0 नम्बर 9839351057, 9450742207, 8707560849, 9140542418 पर किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

## इंस्पेक्टर आलोक राय के नेतृत्व में कृष्णानगर पुलिस ने एक नफर शातिर अभियुक्त किया गिरफ्तार : एक अदद ई रिक्शा बरामद

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कमिश्नरेट लखनऊ में अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु एस0बी0 शिरडकर, पुलिस आयुक्त के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर्णा रजत कौशिक, पुलिस उपायुक्त मध्यलखनऊ, राजेश कुमार श्रीवास्तव, अपर पुलिस उपायुक्त मध्य लखनऊ के कुशल पर्यवेक्षण एवं अरविन्द कुमार वर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर लखनऊ के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर आलोक कुमार राय के नेतृत्व में गठित थाना कृष्णानगर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–468/2022 धारा 406 भादवि0 से सम्बन्धित ई रिक्शा वाहन सं0 न्च्42 ब्ज 3194 अभियुक्त कुलदीप पुत्र कन्हैया लाल निवासी हरिजन सराय थाना संडीला जनपद हरदोई उम्र 20 वर्ष के – कब्जे से बाराबिरवा चौराहे के पास से बरामद कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गयी है। बरामद ई रिक्शा के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि0 की बढोत्तरी कर अभियुक्त कुलदीप उपरोक्त को न्यायिक




अभिरक्षा में भेज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कृष्णानगर पर मु0अ0सं0 468/2022 धारा 406 भादवि0 बनाम ब्रजमोहन यादव आदि 02 नफर अभियुक्त के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया । जिसकी विवेचना उ0नि0 जितेन्द्र कुमार दुबे के द्वारा सम्पादित की जा रही है। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित ई रिक्शा की तलाश के दौरान बाराबिरवा चौराहे के पास अभियुक्त कुलदीप उपरोक्त के कब्जे से बरामद हुआ। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार दुबे, कांस्टेबल किशनवीर सिंह, कांस्टेबल अजय कुमार, थाना कृष्णानगर कमिश्नरेट लखनऊ शामिल रहे।

### गुलाब चंद्र लधानी की कोठी पर आयकर टीम का छापा : छानबीन जारी

आगरा ब्यूरो : ताजनगरी आगरा के लाजपत कुंज स्थित कोका कोला कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर, फ्रेंचाइजी और बॉटलर गुलाब चंद लधानी की कोठी पर शुक्रवार सुबह आयकर की टीम ने छापा मार दिया। टीम के साथ पुलिस फोर्स भी थी। टीम ने यहां कार्रवाई शुरू कर दी है। लाजपत कुंज के बी ब्लाक स्थित कोठी नंबर 9 कोका कोला कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर, फ्रेंचाइजी और बॉटलर गुलाब चंद लधानी की है। यहां शुक्रवार सुबह आयकर विभाग की टीम ने कार्रवाई की। बताया गया है कि ये कार्रवाई दिल्ली से संचालित है, जो देशभर के कई ठिकानों पर एक साथ की जा रही है। टीम जब यहां पहुंची तो लोगों की भीड़ वहां जमा होने लगी। हालांकि टीम के सदस्यों ने किसी को भी कोई जानकारी नहीं दी है। बरेली में भी कार्रवाई आगरा के साथ सीबीगंज में शुक्रवार की सुबह–सुबह इनकम टैक्स ने बड़ी कार्रवाई की है। कोका कोला डिस्ट्रीब्यूटर गुलाब चंद लधानी के प्लांट वृंदावन बेवरेजेस (कोको कोला) पर शुक्रवार सुबह से आयकर विभाग की टीमें कंपनी में पहुंची। 15 गाड़ियों के काफिले के साथ दिल्ली से पहुंची आयकर विभाग की टीम से यहां अफरा–तफरा का माहौल रहा। फैक्टरी के सभी को गेट बंद करा दिए गए हैं। फैक्टरी कर्मचारियों को गेट के बाहर ही रोक दिया गया है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## व्यापारी जागरूकता गोष्ठी एवं बस यात्रा शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल एवं द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आई सी ए आई भवन, विकास खंड ,गोमती






नगर, (निकट मनोज पाण्डेय चौराहा ) में व्यापारियों को एमएसएमई में निःशुल्क रजिस्ट्रेशन, बैंकों से आसान ऋण प्राप्ति, एवं एमएसएमई में पंजीयन कराने के लाभ ''व्यापारी जागरूकता गोष्ठी'' में बताए गए। तथा इस अवसर पर दोनों संगठनों द्वारा पूरे प्रदेश के व्यापारियों को इस हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से एक बस यात्रा का शुभारंभ किया गया।

## ग्राम प्रधानों के उन्मुखीकरण हेतु कार्यशाला का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की उपस्थिति में जनपद के ग्राम प्रधानों के उन्मुखीकरण हेतु कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य है कि प्रधानों के उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जागरूक करना है। ग्राम प्रधान को पता होना चाहिए कि योजनाओं के संबंध में पात्रता की शर्तें क्या है। जिलाधिकारी ने सभी ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर पात्र लोगो को लाभ दिलाने का कार्य करें। ग्राम पंचायतों को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि उन्होंने निर्देश दिया कि ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत पर बने सचिवालय उनको शत–प्रतिशत सक्रिय करें। ग्राम प्रधान सचिवालय पर समय निर्धारित कर बैठे, घर से कार्य करना पूरी तरह से बंद कर दे। ग्राम सचिवालय पर लेखपाल, सचिव, आशा एएनएम को बैठने का रोस्टर जारी किया गया है, यदि लेखपाल, सचिव सचिवालय पर नहीं बैठ रहे हैं उसकी सूचना उप जिलाधिकारी को दे और सबकी उपस्थित पंजिका बनाई जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि सचिवालय में सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी पेन्टिंग करा दे। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की प्राथमिकता का कार्य है इसमें विशेष ध्यान दें। अमृत सरोवर के कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों के द्वारा बहुत अच्छा कार्य किया गया है। 80 प्रतिशत गांव में खेल का मैदान बना दिया गया है। खेल के मैदान गांव के लिए बहुत उपयोगी हैं। बच्चे अब सड़क पर नहीं खेलते है। गाँव मे तीन तालाब बनाए जिसे गाँव का जलस्तर बढ़े। कार्यशाला में योजनाओं के सम्बंध में एक बुकलेट का वितरण किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों को योजनाओं की जानकारी दी गयी है। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को जागरूक किया जाए, जिससे किसान तकनीकी के आधार पर खेती शुरू करें। अच्छे काम करने वाले ग्राम प्रधानों के साथ जिला प्रशासन के द्वारा सहयोग किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी ग्राम प्रधान अपनी स्वच्छ छवि बनाएं जनता का पैसा जनता के हित में लगाएं। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी सन्तोष कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सीडीपीओ मनोज वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**अच्छा वक्त उयी का होता है जो किसी का बुरा नहीं सोचते।**

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने पर जेई ने कहा बिजली से नही हुई मौत : फैलाया जा रहा अफवाह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरपतहां थाना क्षेत्र के कोइरीपुर गॉव में गुरुवार की सुबह युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने के मामले में नया मोड़ आया है।बघरवारा गावं निवासी मेराज पुत्र मो. इकबाल बुधवार को मछली पकड़ने गया था। गुरुवार सुबह उसका शव कोइरीपुर गावं स्थित एक तालाब में मिला था।युवक का शव जिस स्थान पर मिला था वहां हाईटेंशन बिजली का तार जमीन पर लटका है।शाहगंज के क्षेत्राधिकारी अंकित कुमार ने आशंका जताई कि युवक की मौत हाईटेंशन बिजली के तार की चपेट में आने से हुई है जबकि परिजन युवक की हत्या किये जाने की आशंका जता रहे है।हालांकि परिजनों की मांग पर जिले से डॉग स्क्वायड टीम बुलाई गई टीम ने आकर घटनास्थल पर छानबीन की।हाईटेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत के संदर्भ में जब बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर भानू प्रताप सिंह से घटना के संदर्भ में बात की गई तो उन्होंने कहा कि युवक की मौत बिजली कि चपेट में आने से नही हुई है ऐसा केवल अफवाह फैलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाइटेंशन तार लटकने की सूचना उन्हें कल मिली थी लेकिन कल शाम बारिश होने के चलते उसे सही नही कराया जा सका। लेकिन एहितयात के तौर पर बिजली कि सप्लाई बंद करा दी गयी थी।उन्होंने कहा कि यदि हाईटेंशन बिजली के तार की चपेट में आने से युवक की मौत हुई होती तो उसका पूरा शरीर झुलस गया होता।लेकिन मृतक का केवल चेहरा और पैर झुलसा मिला है। मृतक मेराज एक बहन और तीन भाइयों में सबसे छोटा था।मृतक के दो भाई रोजी रोटी के लिए एक खड़ी देश सऊदी अरब में रहता है और दूसरा मुम्बई में ट्रक चालक का कार्य करता है।मृतक के पिता स्व. इकबाल का चार वर्ष पूर्व निधन हो गया।बेटे की मौत के बाद मां फहमीदा का रो–रोकर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि मृतक गावं में ही एक व्यक्ति के यहाँ प्रतिदिन दूध लेने जाता था।उसे चार दिन पूर्व उन्ही लोगों द्वारा धमकी दी गयी थी।हालांकि पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लेकर पूँछताछ में जुटी है। फिलहाल, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने बाद ही युवक की संदिग्ध मौत का पर्दाफाश हो पायेगा।

## थाना चन्दवक पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार : कब्जे से 01.150 किग्रा0 नाजायज गांजा बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर डा0 श्री संजय कुमार के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी केराकत श्री गौरव शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में कार्यवाही करते हुए दिनांक 06.10.2022 को प्रभारी निरीक्षक श्री विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में चन्दवक पुलिस द्वारा चौकिंग के दौरान अभि0 सुबाष बनवासी पुत्र करीमन बनवासी निवासी ग्रा0 बासुदेव पट्टी थाना मड़ियाहू जनपद जौनपुर हाल पता ग्रा0 बासुपुर थाना सुरेरी जनपद जौनपुर को 1.150 किग्रा0 नाजायज गांजा सहित कोईलारी मोङ से गिरफ्तार किया गया। उक्त के संबंध में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पतादृ 1.सुबाष बनवासी पुत्र करीमन बनवासी निवासी ग्रा0 बासुदेव पट्टी थाना मड़ियाहू जनपद जौनपुर हाल पता ग्रा0 बासुपुर थाना सुरेरी जनपद जौनपुर



बरामदगी– 1.1150 ग्रा0 नाजायज गांजा पंजीकृत अभियोग– 1.मु0अ0सं0 175/22 धारा 8/20 छक्ष्क्रै ।बज थाना चन्दवक जनपद जौनपुर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह कुमार थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 2.उ0नि0 जितेन्द्र बहादुर सिंह चौकी प्रभारी बजरंगनगर थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 3.हे0का0 श्रीराम तिवारी, हे0का0 महेन्द्र यादव, का0 आशीष तिवारी, हे0का0 विजय दुबे, का0 सूरज कुमार, का0 अजय यादव थाना चन्दवक जनपद जौनपुर।

## थाना सरायख्वाजा पुलिस द्वारा धारा 366/376 भादवि से संबंधित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के कुशल निर्देशन व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व श्रीमान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में शासन द्वारा अपराध एवं अपराधियो की गिरफ्तारी व वाछिंत अभियुक्तगणो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 318/22 धारा 366/376 भादवि थाना सरायख्वाजा जौनपुर का नामजद अभियुक्त संजय यादव पुत्र विजय राज यादव निवासी सम्मोपुर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर को उ0नि0 श्री गोविन्द देव मिश्रा मय हमराह द्वारा दिनांक 07.10.2022 को सरायख्वाजा स्टेट बैंक के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1–संजय यादव पुत्र विजय राज यादव




निवासी सम्मोपुर खुर्द थाना सरायख्वाजा जौनपुर उम्र 22 वर्ष आपराधिक इतिहास 1–मु0अ0सं0 318/22 धारा 366/376 भादवि थाना सरायख्वाजा जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1–उ0नि0 गोविन्द देव मिश्रा चौकी प्रभारी शिकारपुर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 2–हे0का0 मनीष सिंह थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत सम्बन्धित पाठ्यक्रमो का मास्टर डाटाबेस तैयार करने हेतु समय–सारिणी निर्गत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्र द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि जनपद में संचालित समस्त शिक्षण संस्थाओं को अवगत कराया जाता है कि (कक्षा 11–12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं सहित) दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत सम्बन्धित पाठ्यक्रमो का मास्टर डाटाबेस तैयार करने हेतु शिक्षण संस्थाओ के लिए प्रस्तावित संशोधित समय–सारिणी निर्गत की गयी है। समयावधि कक्षा 11–12 एवं अन्य समस्त दशमोत्तर कक्षाओं हेतु (2022–23) 03 अक्टूबर 2022 से 10 अक्टूबर 2022 तक मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं द्वारा मास्टर डाटा बेस में सम्मिलित होने के लिए आवेदन करने की कार्यवाही शिक्षा विभाग/विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी के माध्यम से किया जाना, तदोपरान्त पासवर्ड प्रप्त करना। मास्टर डाटा में सम्पूर्ण सूचनाएं भरकर/अपलोड करके डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित करना। मास्टर डाटा में पूर्व में सम्मिलित संस्थाओं द्वारा पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, पाठ्यक्रमवार कुल सीटों



की संख्या, सक्षम स्तर से निर्धारित शुल्क, पाठ्यक्रमवार पूर्णाक इत्यादि डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित करना है। समस्त शिक्षण संस्थाओं/विश्वविद्यालय एवं अन्य एफिलियेटिंग एजेन्सी के नोडल अधिकारी को समय–सारिणी के अनुसार अपनी–अपनी संस्थाओं को सूचित करते हुए कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

## बिना पुस्तक अभी भी पढ़ेंगे कक्षा एक के छात्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चालू सत्र आधा बीत चुका है मगर सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को अभी तक सभी विषयों की पुस्तक नही उपलब्ध हो पाई है।अन्य कक्षाओं के लिए पुस्तक आई किंतु कक्षा आठ में गणित और विज्ञान तथा कक्षा एक की किताब नही आई है। सरकारी स्कूलों की किताबो को शासन द्वारा देने का निर्णय लेने के बाद से ही बाजार में इनकी बिक्री पर रोक लगा दी गई है।ये पुस्तके बाजार में उपलब्ध नही है ऐसे में बच्चों के अभिभावक पुस्तक खरीदकर नही दे पा रहे हैं।शासन द्वारा योजना का क्रियान्वयन करने में आधा सत्र बीत गया है।अब कक्षा दो से लेकर सात और आठ तक की पुस्तक आई है ।मगर कक्षा एक और आठ के प्रमुख विषय गणित और विज्ञान की पुस्तक नही आई है।ऐसे में बच्चों का पठन पाठन कैसे होगा यह विचारणीय प्रश्न है।

## हाइवे पर असन्तुलित स्कार्पियो दस फुट गहरे गड्ढे में गिरी : चार घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के नेवादा गांव के पास हाइवे पर शुक्रवार को असन्तुलित स्कार्पियो हाइवे के नीचे दस फुट गहरे गड्ढे में चली गयी।स्कार्पियो में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।उन को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। बिहार के गोपालगंज के एक व्यक्ति की तबीयत काफी खराब थी।परिवार के लोग लखनऊ के पास किसी प्राइवेट अस्पताल में उपचार करवाने ले गए थे।वहां से वे लोग शुक्रवार सुबह बिहार के लिए निकले।राजमार्ग पर उक्त स्थान पर अचानक असन्तुलित होकर स्कार्पियो गहरे गड्ढे में चली गयी।उसमें सवार लोगों में चीख पुकार मच गयी।स्थानीय कुछ लोग आवाज सुनकर मौके पर पहुंच गए।वहां जाकर 112 नम्बर पुलिस तथा एम्बुलेंस को सूचना दिया।गांव के ही लोगो ने सभी घायलों को किसी प्रकार बाहर निकाला।उसी समय पुलिस तथा एम्बुलेंस भी पहुंच गई।सभी को अस्पताल भेज दिया गया।घायलों में एक का ही पता चल सका है।उनकानाम देवेन्द्र नाथ शुक्ला था।

### 18 अक्टूबर को होगी एम. एड. की अंतिम काउंसलिंग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध एम एड महाविद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2022 –24 में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों के सापेक्ष द्वितीय और अंतिम काउंसलिंग 18 अक्टूबर 2022 को होगी। इसमें 001 से 730 तक के वे अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं जो प्रथम काउंसलिंग में शामिल नहीं हो पाए हैं या अब तक प्रवेश नहीं ले सके हैं। यह जानकारी सहायक कुलसचिव परीक्षा सेल ने दी है। उक्त काउंसलिंग हेतु काउंसलिंग पत्र 14 अक्टूबर से विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। काउंसलिंग हेतु अभ्यर्थी को काउंसलिंग पत्र में जारी किए गए निर्देशों का पालन कराना अनिवार्य होगा।

### बीपीएड की शारीरिक दक्षता परीक्षा 12 अक्टूबर को होगी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध बीपीएड महाविद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2022 –24 में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों के सापेक्ष शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं काउंसलिंग 12 अक्टूबर को एकलव्य स्टेडियम में पूर्वान्ह 11:00 बजे संपन्न कराई जाएगी। ऑनलाइन आवेदन कर चुके ऐसे अभ्यर्थी जो किसी कारण से प्रथम दक्षता परीक्षा एवं काउंसलिंग में उपस्थित नहीं हो सके थे, ऐसे व्यक्ति 12 अक्टूबर को आयोजित द्वितीय शारीरिक दक्षता परीक्षा/ काउंसलिंग में सम्मिलित हो सकते हैं। ऐसे व्यक्ति सारे दक्षता परीक्षा पत्र 8 अक्टूबर से विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर लें। सहायक कुलसचिव प्रवेश सेल ने कहा कि अब तक किसी अपरिहार्य कारणों से जो अभ्यर्थी आवेदन करने से वंचित हैं। ऐसे अभ्यर्थी वेबसाइट पर दिए गए निर्देशों के अनुसार 12 अक्टूबर को रु 1000 शुल्क जमा कर आफलाइन आवेदन कर शारीरिक दक्षता परीक्षा में उपस्थित हो सकते हैं। शारीरिक दक्षता परीक्षा के उपरांत उक्त तिथि को ही काउंसलिंग आयोजित होगी। अभ्यर्थी को काउंसलिंग में सम्मिलित होने के लिए काउंसलिंग शुल्क के रूप में रु 500 नगद जमा करना होगा।

## बी आर सी बरसठी पर आयोजित की गई क्विज प्रतियोगिता परीक्षा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बी आर सी बरसठी पर क्विज प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गई। .बरसठी विकास खंड के अन्तर्गत आने वाले सभी विद्यालय के तीन – तीन बच्चों ने इस क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। खंड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह के नेतृत्व में उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान सौरभ पटेल यू पी एस घनापुर द्वितीय स्थान अवनीश यू पी एस भैसहा व त्रितीय स्थान साक्षी यादव कम्पोजिट विद्यालय आदमपुर सफल रही । खड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस तरह पूरे ब्लॉक से 10 बच्चों की सूची तैयार की गई है।

### जिलाधिकारी द्वारा गुरूवार देर सायं प्रसाद इंस्टीट्यूट जौनपुर के सामने बन रहे पुल एवं रोड का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा गुरूवार देर सायं को प्रसाद इंस्टीट्यूट जौनपुर के सामने बन रहे पुल एवं रोड का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट



मैनेजर राजेश कुमार द्विवेदी को निर्देशित किया कि प्रत्येक दशा में 30 अक्टूबर 2022 तक पुल एवं रोड का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जल्द से जल्द पोल शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण कर रोड को चलने योग्य बनाया जाए। मौके पर सहायक अभियंता राजकुमार विश्वकर्मा, जे.ई कुतुबुद्दीन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी दिलेश नारायण सिंह सिनेमा आपरेटर कम प्रचार सहायक का निधन

जौनपुर सू.वि. : जिला सूचना कार्यालय, जौनपुर के सेवानिवृत्त कर्मचारी श्री दिलेश नारायण सिंह, सिनेमा आपरेटर कम प्रचार सहायक का स्वास्थ्य काफी दिनों से खराब चल रहा था। 07 अक्टूबर 2022 को जिनका देहान्त हो गया। जिला सूचना कार्यालय में सूचना अधिकारी मनोकामना राय, कर्मचारीगण अवनीश यादव, सुमित सिंह, अतुल शुक्ला, शशिकान्त यादव, पवन कुमार द्वारा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक आत्मा की शान्ती के लिये दो मिनट का मौन धारण किया गया तथा इस दुःख की घड़ी में ईश्वर से प्रार्थना किया गया कि उनके परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## नहीं रहे देश की उपासना व एनबीसी चैनल ब्यूरो चीफ पत्रकार राजेश श्रीवास्तव के बड़े भाई सुनील श्रीवास्तव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व एनबीसी चैनल ब्यूरो चीफ अयोध्या राजेश श्रीवास्तव के बड़े भाई सुनील कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्याम चंद्र लाल श्रीवास्तव का आज शुक्रवार को स्थान कोतवाली नगर क्षेत्र के हैदरगंज मोहल्ले में देहांत हो गया।मृतक सुनील कुमार श्रीवास्तव के परिवार के मुताबिक वे काफी दिनों से कैंसर रोग से काफी दिनों से पीड़ित थे।पेशे से प्राइमरी स्कूल में प्रधानाध्यापक के रूप में तैनात सुनील कुमार श्रीवास्तव ने अपने पीछे तीन पुत्रियों व भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गए।इस संबंध में मृतक सुनील कुमार श्रीवास्तव के पिता श्याम चंद लाल श्रीवास्तव ने बताया कि उनका दाह संस्कार कल शनिवार को सुबह 10:00 बजे जमथरा घाट पर किया जाएगा।उनके निधन की सूचना मिलते ही उनके परिजनों में पवन कुमार, अरविंद कान्त श्रीवास्तव, रत्नेश कान्त श्रीवास्तव, शशांक,



सुमित, वैभव, स्वयं सहित पत्रकार जगत के लोगों अधिकारियों व शिक्षा जगत से जुड़े शिक्षकों में शोक दिखा।

## वर्तमान निर्वाचक नामावली में किया जाएगा छूटे हुए मकानों के निर्वाचकों के नामों की जाँच और परिवर्धन का कार्य

जौनपुर सू.वि. : अपर जिलाधिकारी (वि/रा०)/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (नगरीय निकाय) राम प्रकाश ने अवगत कराया है कि नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण हेतु निर्गत अधिसूचना के अनुसार निर्धारित अवधि के अन्तर्गत बी०एल०ओ० द्वारा घर–घर जाकर वर्तमान निर्वाचक नामावली में परिवर्धित, संशोधित विलोपित होने वाले नामों तथा नए मकानों/वर्तमान निर्वाचक नामावली में छूटे हुए मकानों के निर्वाचकों के नामों की जाँच और परिवर्धन का कार्य किया जाएगा। जनपद के सभी अर्ह भारतीय नागरिक कृपया उक्त कार्य की अवधि में ही अपना नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराना सुनिश्चित कर लें। ऐसे भारतीय नागरिक जो किसी नगरीय निकाय के किसी कक्ष (वार्ड) के अन्तर्गत सामान्य रूप से निवास कर रहे है दिनांक 01 जनवरी, 2022 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूरी कर लिए हो, अपने निवास स्थान में सम्बन्धित नगरीय निकाय के कक्ष (वार्ड) की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने के लिए अर्ह होंगे बशर्ते वह अन्यथा अनर्ह न हो अनर्हताएं निम्नवत है – भारत का नागरिक न हो, या विकृत चित्त हो और उसके ऐसा होने की किसी सक्षम न्यायालय की घोषणा विद्यमान हो, या निर्वाचन सम्बन्धी भ्रष्ट आचरण और अन्य अपराधों से सम्बन्धित किसी विधि के उपबन्धों के अधीन मत देने के लिए तत्समय अनर्ह हो। त्रुटि रहित निर्वाचक नामावली लोकतंत्र का आधार है और इसका सही बनना प्रत्येक नागरिक के सक्रिय सहयोग पर निर्भर है। अपना और अपने परिवार के सभी अर्ह सदस्यों के नाम निर्वाचक नामवली में दर्ज है अथवा नहीं की जाँच कर लें। यदि दर्ज नहीं है तो अवश्य दर्ज कराएं और इस हेतु घर पर पहुँचने वाले बी०एल०ओ० को वांछित सूचना दिये बिना कदापि वापस न करे। यदि आपके अथवा आपके परिवार के किसी नाम व प्रविष्टि में कोई संशोधन होना है या किसी नाम क प्रविष्टि को विलोपित किया जाना है तो उसे घर पर पहुँचने वाले बीएलओ को अवश्य अवगत करा दें। यदि निर्धारित दिनांक तक कोई बी०एल०ओ० आपके कक्ष (वार्ड) में न पहुँचे या कोई शिकायत हो तो आप तत्काल जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय), जौनपुर, अपर जिलाधिकारी वि0/रा०)/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अपने क्षेत्र के उप जिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से टेलीफोन पर अथवा व्यक्तिगत रूप से संपर्क करें।

## कल्कि की लघुकथाएँ पुस्तक का राज्यपाल ने किया लोकार्पण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र द्वारा संपादित पुस्तक कल्कि की लघुकथाएँ का लोकार्पण शुक्रवार को राजभवन के प्रज्ञा कक्ष में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा किया गया। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विश्वविद्यालय को प्रदत्त सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अनुवाद के अंतर्गत दक्षिण भारत के प्रख्यात साहित्यकार रामास्वामी कृष्ण मूर्ति कल्कि की मूल तमिल भाषा में लिखे साहित्य का हिंदी अनुवाद कराया गया है। इसे कल्कि की लघु कथाएं पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया गया जिसका अनुवाद चेन्नई की डॉ. ए. जी.मातंगी ने किया है। डॉ. मनोज मिश्र ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय भाषाओं के उन्नयन को दृष्टिगत रखते हुए कल्कि की कथाएँ पुस्तक में तमिल के साथ–साथ उसका हिंदी अनुवाद भी प्रकाशित है। तमिलनाडु के पुथमंगलम में पैदा हुए महान साहित्यकार, साहित्य अकादमी सम्मान से सम्मानित रामस्वामी कृष्णमूर्ति (कल्कि) की रचनाओं में तत्कालीन समाज एवं लोक परम्परा का सुंदर चित्रण है। उन्हें तमिल उपन्यासों



को एक नए दौर में ले जाने वाला साहित्यिक योद्धा माना गया है। इस अवसर पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी,अपर मुख्य सचिव श्रीमती कल्पना अवस्थी, विशेष कार्याधिकारी प्रो पंकज एल. जानी, कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक वी.एन. सिंह, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. देवराज सिंह, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. मिथिलेश यादव,डॉ. धीरेन्द्र चौधरी, डॉ. आलोक दास, डॉ. सुजीत चौरसिया, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ. प्रभाकर सिंह, अशोक यादव,डॉ. सत्यम उपाध्याय राजभवन के अधिकारी गण, निजी सचिव कुलपति डॉ लक्ष्मी प्रसाद मौर्य उपस्थित रहे।

### सड़क हादसों में 13 फीसदी की बढ़ोतरी : लखनऊ में डेढ़ गुना इजाफा

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में तमाम कोशिशों के बावजूद सड़क हादसों की संख्या और इसमें मरने वाले व घायलों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। जनवरी से अगस्त तक के आंकड़ों के मुताबिक सड़क हादसों की संख्या में 13.7 प्रतिशत, मृतकों की संख्या में 8.70 और घायलों की संख्या में 18.44 फीसदी की वृद्धि हुई है। वहीं लखनऊ में हादसों की संख्या में डेढ़ गुना इजाफा हुआ है। यातायात निदेशालय द्वारा सभी जिलों को भेजे गए पत्र में इस पर चिंता व्यक्त की गई है। यही नहीं हादसों में कमी लाने के लिए अभियान चलाने को भी कहा गया है। लखनऊ, नोएडा, गोरखपुर और प्रयागराज जैसे बड़े शहरों में हादसों की संख्या में 25 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है। जनवरी से अगस्त 2021 तक प्रदेश में 24,513 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं जबकि इस साल इसी अवधि में 27,871 दुर्घटनाएं हुई है। वर्ष 2021 में मृतकों की संख्या 13,995 थीं, जो इस वर्ष 15,213 हो गईं। घायलों की संख्या वर्ष 2021 में 16,129 थी, जो वर्ष 2022 में 19,103 हो गई। इधर, लखनऊ में वर्ष 2021 में 528 हादसे हुए थे, जो इस वर्ष बढ़कर 805 हो गए। मृतकों की संख्या भी 187 के मुकाबले 311 और घायलों की संख्या 358 से बढ़कर 554 हो गई। इसी तरह नोएडा में वर्ष 2021 में 526 हादसे हुए थे, जो बढ़कर इस साल 718 हो गए। मृतकों की संख्या वर्ष 2021 में 254 थीं, जो वर्ष 2022 में बढ़कर 292 हो गईं। घायलों की संख्या 359 से बढ़कर 536 हो गईं। यानी नोएडा में सड़क हादसों में घायल होने वालों की संख्या वर्ष 2021 के मुकाबले वर्ष 2022 में डेढ़




गुना से भी अधिक रही है। लगभग यही हाल गोरखपुर का भी है। वहां वर्ष 2021 में हादसों की संख्या 574, मृतकों की संख्या 238 और घायलों की संख्या 362 थी, जो वर्ष 2022 में बढ़कर क्रमशः 757, 330 और 498 हो गईं। अभियान चालान काटकर कोटा पूरा करने तक ही सीमित सड़क हादसों को रोकने के लिए हर साल सड़क सुरक्षा सप्ताह और माह मनाया जाता है, अभियान चलाए जाते हैं। पर यह चालान काटकर कोटा पूरा करने तक ही सीमित है। हादसों की वजह क्या है, इसे कैसे कम किया जाए, इस पर चर्चाएं भी बहुत होती हैं लेकिन अमल नहीं हो पाता। इसलिए हादसे लगातार बढ़ रहे हैं। नवंबर में यातायात माह जाएगा, योजनाएं बनेंगी, अभियान चलेगा, बैठकें व चर्चाएं होगी लेकिन अमल कितना होगा यह समय बताएगा।

